मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 13 मार्च 2020

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	14/03/20	15/03/20	16/03/20	17/03/20	18/03/20
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	27	28	29	31	32
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	15	17	18	20	21
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	3	3	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	56	58	51	45	37
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	19	19	17	15	12
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	10	9	13	14	16
हवा की दिशा	पश्चिम–उत्तर–पश्चिम	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
मैथी		मैथी की पूर्ण रूप से पकी फसल की कटाई करें तथा सुरक्षित स्थान पर रखें।
कुष्माण्ड कुल की सब्जियां		कुष्माण्ड कुल की अगेति बोई गई सब्जियों में लाल भृंग कीट के प्रकोप की सम्भावना है। यह कीट अंकुरित एंव नई पत्तियों को खाकर छेद कर देता है। कीट का प्रकोप दिखाई देने पर ऐसाफेट 75 एस.पी. 0.5 ग्राम का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
मिर्च	रोपाई	मिर्च की तैयार पौध की रोपाई करें। रोपाई से पूर्व खेत में 35 कि.ग्रा. नत्रजन, 48 कि.ग्रा. फास्फोरस व 50 कि.ग्रा. पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय दें। कतार से कतार की दूरी 60 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 30 से.मी. रखें।
भिण्डी		भिण्डी की फसल में 5–6 दिन के अन्तराल पर सिंचाई करें।
पशु		पशुओं में इस महीने में खुरपका एवं मुंहपका रोग के टीके आवश्यक रूप से लगवाएं ताकि आने वाले समय में इस रोग से पशुओं का बचाव हो सकें।

(नौडल ऑफीसर)